# प्रेस वार्ता

## बिहार पुलिस मुख्यालय

### दिनांक–26.06.2023 (सं0–323)

## ERSS(Emergency Response Support System)

जैसा की आप सभी को विदित है राज्य में दिनांक–06 जुलाई 2022 को ERSS(Dial 112) सेवा का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया था। प्रथम चरण के अन्तर्गत किये गये प्रबंधन तथा आधारभूत व्यवस्थाओं के पश्चात द्वितीय चरण की तैयारी की जा रही है। द्वितीय चरण के प्रारम्भ करने के पूर्व जो कार्रवाई है, उसे सुनिश्चित किया जा रहा है।

ERSS(Dial 112) सेवा के द्वारा आम जनों की आपात परिस्थितियों में, आपदा में अथवा आकस्मिक संकट की स्थिति में अविलम्ब पहुँचकर सहायता पहुँचायी जा रही है। Dial 112 सेवा के बड़े सार्थक तथा सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हुए हैं। समय समय पर संवाददाता सम्मेलनों में आपको ERSS(Dial 112) सेवा की अद्यतन कार्रवाईयों से अवगत कराया जाता रहा है। आज भी गत दिनों ERSS(Dial 112) सेवा की उपलब्धियों से आपको अवगत कराया जा रहा है। आपके माध्यम से आम जनता से अपील भी है कि किसी प्रतिकूल या संकट की स्थिति में आप डायल 112 पर सूचना देकर अविलम्ब सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**वर्तमान स्थिति**

- दिनांक–06 जुलाई 2022 को ERSS(Dial 112) सेवा के प्रारम्भ होने के उपरान्त **अभी तक 04 लाख 50 हजार लोगों को सहायता पहुँचाई जा चुकी** है।
- ERSS (Dial 112) में प्रतिमाह तथा प्रतिदिन पंजीकृत होने वाली कॉल्स पर की गई कार्रवाई का औसत रेस्पॉन्स टाइम निम्नलिखित है :–

| माह | एक माह में पंजीकृत कॉल्स पर की गई कार्रवाई (Monthly Events) | माह के एक दिन में पंजीकृत कॉल्स पर की गई कार्रवाई (Daily Events) | एक माह में औसत रेस्पॉन्स टाइम |
|---|---|---|---|
| 6 जुलाई से 31 जुलाई 2022 | 8482 | 326 | 04 घण्टा :59 मि0 : 54 से0 |
| अगस्त 2022 | 14217 | 459 | 01 घण्टा :21 मि0 : 17 से0 |
| सितम्बर 2022 | 5994 | 533 | 01 घण्टा :08 मि0 : 06 से0 |
| अक्टूबर 2022 | 30740 | 992 | 52 मि0 : 15 से0 |
| नवम्बर 2022 | 29157 | 972 | 56 मि0 : 15 से0 |
| **दिसम्बर 2022** | **26114** | **842** | **51 मि0 : 35 से0** |
| जनवरी 2023 | 34933 | 1127 | 46 मि0 : 14 से0 |
| फरवरी 2023 | 41913 | 1497 | 46 मि0 : 22 से0 |
| मार्च 2023 | 63540 | 2050 | 51 मि0 : 41 से0 |
| अप्रैल 2023 | 70263 | 2342 | 40 मि0 : 55 से0 |
| **मई 2023** | **95753** | **3089** | **34 मि0 : 31 से0** |

- उपरोक्त आँकड़ों का यदि विश्लेषण किया जाये तो **वर्ष 2022 के दिसम्बर माह में माह के एक दिन में पंजीकृत कॉल्स पर की गई कार्रवाई (Daily Events) 842** थी तथा पूरे माह का औसत निकालने पर **औसत रेस्पॉन्स टाइम 51 मिनट 35 सेकेण्ड था**। अब **वर्ष 2023 के मई माह में माह के एक दिन में पंजीकृत कॉल्स पर की गई कार्रवाई (Daily Events) 3089 है** तथा पूरे माह का औसत निकालने पर **औसत रेस्पॉन्स टाइम अब 34 मिनट 31 सेकेण्ड है**। इस प्रकार हम कह सकते है कि माह दिसम्बर 2022 की तुलना में अब प्रतिदिन

**<u>अधिक मामलों (Daily Events) का निष्पादन</u>** माह दिसम्बर 2022 में लिये जाने वाले रेस्पॉन्स टाइम से **<u>कम टाइम में</u>** किया जा रहा है।

- इनमें घरेलू हिंसा के 16 प्रतिशत, दुर्घटना के 07 प्रतिशत, चिकित्सा आपात के 04 प्रतिशत, सामान्य विधि व्यवस्था के 44 प्रतिशत, न्यूसेंस के 15 प्रतिशत, अग्निकाण्ड के 02 प्रतिशत, आसचूना के कॉल्स 03 प्रतिशत तथा अन्य मामलों के 09 प्रतिशत कॉल्स हैं।

अर्जित सफलताओं (Success Story) के कुछ दृष्टांत निम्नलिखित है।

| | |
|---|---|
| 1 | दिनांक–25.01.2023 को सुपौल जिला के छतरपुर थाना अन्तर्गत एक लावारिस नवजात शिशु के मिलने पर ERV कर्मियों के द्वारा शिशु को अग्रतर कार्रवाई हेतु छतरपुर थानाध्यक्ष को सौंप दिया गया। **(Response Time- < 10 Minutes)** |
| 2 | दिनांक–27.03.2023 को छपरा जिला में डायल 112 के ERV कर्मियों के द्वारा रेलवे की चोरी गई सम्पत्ति को बरामद किया गया। 04 अभियुक्तों में 01 को गिरफ्तार किया गया। **(Response Time- 04 Minutes)** |
| 3 | दिनांक–27.03.2023 को रोहतास जिला में असमाजिक तत्वों के द्वारा नौकरी दिये जाने का झासा देकर 02 व्यक्तियों को बन्दी बना लिया गया था। ERV कर्मियों के द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर दोनों व्यक्तियों को असमाजिक तत्वों से मुक्त कराया गया तथा असमाजिक तत्वों को पकड़कर थाना को सौंपा गया। **(Response Time- 11 Minutes)** |
| 4 | दिनांक–29.03.2023 को लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा थानान्तर्गत एक बच्चा गुम हो गया था ERV कर्मियों के द्वारा गुम हुए बच्चे को बरामद कर उसके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया गया। **(Response Time- 04 Minutes)** |
| 5 | दिनांक–31.03.2023 को जहानाबाद जिला के तेहटा थानान्तर्गत एक ट्रैक्टर चालक सहित एक पुल के नीचे गिर गया था। ERV कर्मियों के द्वारा चालक का बचाव कर उसे निकटस्थ अस्पताल में पहुँचाया गया। **(Response Time- 04 Minutes)** |
| 6 | दिनांक–01.04..2023 को बक्सर जिला के नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत एक गर्भवती महिला के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर ERV कर्मियों के द्वारा उसे अविलम्ब अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचाई गई। **(Response Time- 04-05 Minutes)** |
| 7 | दिनांक–03.04.2023 को पटना जिला के पाटलीपुत्र थाना अन्तर्गत एक बच्ची के साथ छेड़खानी किये जाने की सूचना मिलने पर ERV कर्मियों के द्वारा अविलम्ब पहुँचकर बच्ची को बचाया गया तथा छेड़खानी करने वाले व्यक्ति को पकड़कर स्थानीय थाना को सौंपा गया। **(Response Time- 04 Minutes)** |
| 8 | दिनांक–18.04.2023 को वैशाली जिला के महुआ थाना अन्तर्गत एक अपराधी को अवैध आग्नेयास्त्र तथा गोली के साथ ERV कर्मियों के द्वारा पकड़कर स्थानीय थाना को सौंपा गया। **(Response Time- 05 Minutes)** |

XXXXXXXXX